39210 - रोज़ा रखने वाले व्यक्ति का होठों को मॉइस्चराइज़ करने वाली क्रीम का उपयोग करना

प्रश्न

रोज़ा रखने वाले व्यक्ति का होठों से सूखापन दूर करने के लिए मरहम का उपयोग करने का क्या हुक्म है?

विस्तृत उत्तर

हर प्रकार की प्रशंसा और गुणगान केवल अल्लाह तआला के लिए योग्य है।.

“किसी व्यक्ति के लिए इसमें कोई आपत्ति की बात नहीं है कि वह होठों और नाक को मॉइस्चराइज़ (नमी प्रदान) करने के लिए मरहम (क्रीम) का उपयोग करे, या उन्हें पानी से, या कपड़े से या कुछ इसी तरह की चीज़ से गीला कर ले। लेकिन उसे इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि इनमें से कोई भी चीज़ जिसके द्वारा उसने खुरदरापन को दूर किया है, उसके पेट तक न पहुँचे। परंतु अगर कोई चीज़ बिना उसकी इच्छा के उसके पेट तक पहुँच जाए, तो उसपर कोई चीज़ अनिवार्य नहीं है, जैसे कि वह कुल्ला कर रहा था और कुछ पानी उसकी इच्छा के बिना उसके पेट तक पहुँच गया, तो यह उसके रोज़े को नहीं तोड़ेगा।” उद्धरण समाप्त हुआ।